बच्चों के लिए कोविड-19 वैक्सीन
माता-पिता/अभिभावकों को क्या पता होना चाहिए

COVID-19 वैक्सीन 6 महीने और उससे अधिक उम्र वालों के लिए उपलब्ध है।

बच्चों का टीकाकरण क्यों करवाना चाहिए?

महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक, संयुक्त राज्य में 1 करोड़ 20 लाख से ज़्यादा बच्चों को कोविड-19 हो चुका है। कोविड-19 के नए प्रकार आने की वजह से बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने की तादात बहुत ज़्यादा हो गई।

नैदानिक परीक्षणों ने साबित कर दिया कि यह वैक्सीन बच्चों में कोविड-19 को रोकने में बहुत कारगर है। इससे उनमें गंभीर रूप से बीमार होने, अस्पताल में भर्ती होने या कोविड-19 से मरने की संभावना बहुत कम हो जाएगी।

बच्चों और परिवारों से वैक्सीन के बारे में बात करने के सुझाव जानने के लिए वैक्सीन के बारे में बातचीत का मार्गदर्शन पढ़ें।

मैं अपने बच्चे का टीकाकरण कैसे करवाऊं?

वाशिंगटन राज्य 18 साल तक के बच्चों के लिए सुझाई गईं सभी वैक्सीन मुफ़्त उपलब्ध कराता है।

जिन परिवारों के पास चिकित्सा सेवाओं का एक्सेस नहीं है, वे चिकित्सा सेवाओं, क्लिनिक या स्वास्थ्य संबंधी अन्य संसाधनों के लिए, **1-800-322-2588** पर **Help Me Grow WA Hotline** को कॉल कर सकते हैं या **ParentHelp123.org** पर जा सकते हैं। यह सेवा मुफ़्त है और आपकी भाषा में उपलब्ध है।

आप **VaccineLocator.doh.wa.gov** पर भी जा सकते हैं और अपने आस-पास के स्थान जहां बच्चों के लिए वैक्सीन उपलब्ध हो, उन स्थानों की सूची देखने के लिए फ़िल्टर का उपयोग कर सकते हैं।

इसका घर पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

कोविड-19 वैक्सीन बच्चों को बीमारी से सुरक्षित रख सकती है, जिसका अर्थ यह है कि घर के अंदर होने वाली सभाओं की मेजबानी या सभाओं में भाग लेना सुरक्षित हो सकता है।

वैक्सीन लगवाने से बच्चे को सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी और घर के सदस्य भी सुरक्षित रहेंगे।

परिवारों को सर्वोत्तम सुरक्षा के लिए अन्य सुझाए गए सुरक्षा उपायों का पालन करना जारी रखना चाहिए।

बच्चों को कौन सी वैक्सीन लगवानी चाहिए?

सभी बच्चों को वैक्सीन की कम से कम 2 खुराकें लेने की सलाह दी जाती है। अधिक सुरक्षा के लिए अतिरिक्त खुराक लेने की सलाह दी जा सकती है।

- **6 महीने से 4 साल तक** के बच्चों को 3 खुराकों वाली Pfizer की प्राथमिक सीरीज़ या 2 खुराकों वाली Moderna की प्राथमिक सीरीज़ मिलती है
- **5-11 साल** के बच्चों को 2 खुराकों वाली प्राथमिक सीरीज़ मिलती है
- **12-17 साल** के बच्चों को 2 खुराकों वाली प्राथमिक सीरीज़ मिलती है

जिन बच्चों को 2-खुराकों वाली सीरीज़ लगी हुई है और उनकी इम्यूनिटी थोड़ी या बहुत कमज़ोर है, तो उन्हें अपना दूसरा शॉट मिलने के 28 दिन बाद एक अतिरिक्त प्राथमिक खुराक प्राप्त करनी चाहिए और 5 साल से अधिक उम्र के सभी बच्चों को बूस्टर खुराक लगनी चाहिए।भविष्य में अन्य समूहों के लिए अतिरिक्त खुराकों की सलाह दी जा सकती है।

अपने सवालों के जवाब पाने के लिए:

यहां जाएं: VaccinateWA.org/kids

कॉल करें: 1-833-VAX-HELP (1-833-829-4357), **# दबाएं**

भाषा संबंधित सहायता उपलब्ध है।

Vaccinate WA

CovidVaccineWA.org

क्या वाकई कोविड-19 मेरे बच्चे के लिए खतरा है?

हालांकि वयस्कों की तुलना में कम बच्चे कोविड-19 से संक्रमित हुए हैं, बच्चे:

- कोविड-19 का कारण बनने वाले वायरस से संक्रमित हो सकते हैं
- कोविड-19 से बीमार हो सकते हैं या उनकी मौत हो सकती है
- दूसरों तक कोविड-19 को फैला सकते हैं
- कोविड-19 से गंभीर जटिलताएं, जैसे कि "लंबे समय के लिए कोविड" या MIS-C नामक एक खतरनाक सूजन संबंधी बीमारी से ग्रस्त हो सकते हैं

इस आबादी में वैक्सीन के बहुत कम साइड इफेक्ट्स पाए गए थे, और यह उन्हें बीमारी से बहुत अच्छी तरह से बचाती है। टीकाकरण के लाभ कोविड-19 होने के जोखिम से कहीं ज्यादा अधिक हैं।

क्या यह वैक्सीन मेरे बच्चे के लिए सुरक्षित है?

हां, वैक्सीन को बच्चों के लिए सुरक्षित माना जाता है। 5 से 11 वर्ष के बच्चों में वैक्सीन के नैदानिक परीक्षणों में कोई गंभीर दुष्प्रभाव नहीं पाए गए हैं। अध्ययन जारी हैं, और संयुक्त राज्य के पास किसी भी चेतावनी के संकेत को जल्दी पकड़ने के लिए पर्याप्त वैक्सीन सुरक्षा प्रणालियाँ हैं।

बच्चों में वैक्सीन के आम साइड इफेक्ट्स क्या हैं?

यदि बच्चे कोविड-19 से संक्रमित हैं तो स्वास्थ्य जोखिम वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स के जोखिम से बहुत अधिक होते हैं।

अन्य वैक्सीनों की तरह, सबसे आम साइड इफेक्ट्स हैं - बाजू में दर्द, थकान, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द। आमतौर पर ये लक्षण हल्के होते हैं।

नैदानिक परीक्षणों में (केवल अंग्रेज़ी) पहली खुराक की तुलना में दूसरी खुराक के बाद अधिक बच्चों ने साइड इफेक्ट्स की सूचना दी है। साइड इफेक्ट्स आमतौर पर हल्के से मध्यम गंभीरता के थे और टीकाकरण के दो दिनों के अंदर होते थे, और अधिकांश एक से दो दिनों के अंदर ठीक हो जाते थे।

बच्चों को अपनी अपॉइंटमेंट के लिए क्या-क्या लाने की आवश्यकता है?

ज्यादातर मामलों में, माता-पिता और अभिभावकों को 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों के लिए टीकाकरण के लिए सहमति प्रदान करने की आवश्यकता होगी। उन्हें वैक्सीन स्थल के अधिकारियों से पूछना चाहिए कि उन्हें सहमति के लिए क्या चाहिए।

क्लिनिक बच्चे की ID, बीमा कार्ड या Social Security number (सामाजिक सुरक्षा नंबर) मांग सकते हैं, लेकिन आपको यह सब उन्हें देने की आवश्यकता नहीं है।

बच्चों को वैक्सीन लगवाने के लिए संयुक्त राज्य का नागरिक होने की आवश्यकता नहीं है। वैक्सीन स्थल के अधिकारी इमिग्रेशन स्टेटस के बारे में नहीं पूछ सकते हैं। व्यक्तिगत डेटा का इस्तेमाल केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

मेरे पास और भी सवाल हैं। मुझे इनके जवाब कहाँ मिल सकते हैं?

VaccinateWA.org/kids पर अधिक सवालों के जवाब प्राप्त करें। आप अपने बच्चे के नियमित स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से भी बात कर सकते हैं।

Washington State Department of Health

DOH 825-013 June 2022 Hindi
किसी दूसरे प्रारूप में इस दस्तावेज़ को पाने का अनुरोध करने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बधिर या ऊंचा सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।